प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 11.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज झुंझुनू से देश के 30 लाख से अधिक किसानों को 3 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक के फसल बीमा दावों का वितरण करेंगे।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय तकनीक की शक्ति और रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया की ताकत को दिया।

- प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज कई स्थानों पर तिरंगा रैलियों का आयोजन।

- भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में आज से कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ बारिश का पूर्वानुमान।

00000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आज झुंझुनू से देश के 30 लाख से अधिक किसानों को 3 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक के फसल बीमा दावों का वितरण करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान किसानों को साल 2023–24 और 2024–25 के फसलों के खराबे की राशि बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इन दावों का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण – डीबीटी के जरिए किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के किसानों को एक हजार 121 करोड़ रुपये का वितरण किया जायेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 35 हजार किसान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं 23 अन्य राज्यों से लाखों किसान वर्चुअल माध्यम से जुडेंगे।

......

झुंझुनूं में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी और प्रदेश के कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा मौजूद रहेंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैंगलुरू में एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता पर प्रकाश डालते हुए सीमा पार आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने की उनकी क्षमता का उल्लेख किया। उन्होंने आतंकवादियों का बचाव करने आए पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर करने में भारत की ताकत का जिक्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया ने नए भारत के इस नए रूप को देखा है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय तकनीक की शक्ति और रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया की ताकत को दिया।

....

प्रधानमंत्री ने कल 7 हजार 160 करोड़ रुपये की लागत वाली बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन का उद्‌घाटन किया। उन्होंने 15 हजार 610 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना के तीसरे चरण की आधारशिला रखने के बाद ये बात कही।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा में एनएच–52 की अमझार पुलिया से जुड़े मुद्दे पर उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी और रेलवे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में दरा नाल स्थित अमझार पुलिया की मौजूदा स्थिति, भारी वाहनों के आवागमन पर लगी रोक और खानपुर तथा सांगोद मार्ग पर बढ़ते जाम को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। श्री बिरला ने पुल पर यातायात व्यवस्था और वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन के लिए विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिया के पास से गुजर रहे पुराने रियासतकालीन मार्ग की आवश्यक मरम्मत कर उस पर यातायात शुरू करने को कहा।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 14 अगस्त को बीकानेर जायेंगे। वे वहां भारत–पाकिस्तान सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के जांबाजों के साथ संवाद करेंगे। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी ने दौरे से

पहले भाजपा कोर कमेटी की बैठक लेकर मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों पर चर्चा की। श्री चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री बीकानेर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। ये कार्यक्रम सुबह पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित होगा। इसमें मुख्यमंत्री विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आमजन को संबोधित करेंगे।

00000

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों में देशभक्ति की भावना और तिरंगे के प्रति सम्मान और प्रेम जागृत करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कडी में बाड़मेर ज़िले के धनाऊ में तिरंगा रैली निकाली गई। इसमें बडी संख्या में लोगों ने भाग लिया। दौरान आमजन को देश प्रेम का संदेश दिया गया। पाली में शहर के चौराहों को तिरंगे फव्वारों और आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है। आज शहर के मुख्य मार्गो से तिरंगा बाईक रैली का आयोजन होगा। तिरंगा सैल्फी और केनवास का भी आज आयोजन किया जायेगा। कोटपूतली–बहरोड़ में भी आज तिरंगा रैली निकाली जायेगी। उधर अलवर जिले के पर्यटन स्थलों पर आये पर्यटकों ने कहा कि तिरंगा अभियान की गतिविधियों में शामिल होकर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उधर भीलवाडा में सांसद दामोदर अग्रवाल ने जिले के सभी विधायकों के साथ तिरंगा रैली के आयोजन को लेकर बैठक की।

0000

जैसलमेर के रामदेवरा में भरने वाले बाबा रामदेव के मेले को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। उधर रेल्वे भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास करर हा है। जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने कल रामदेवरा रेल्वे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जीआरपी के पर्याप्त जवान तैनात किये जायेंगे।

.....

0000

प्रदेश के उत्तर–पूर्वी हिस्से में कहीं–कहीं हल्की बारिश का दौर जारी है। वहीं पश्चिम राजस्थान में मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में राज्य के करीब 10 शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 50 मिमी बारिश बारा के अटरु में दर्ज की गई। बारां, धौलपुर, सीकर, कोटा, करौली, दौसा और झुंझुनूं में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश की बेरुखी के चलते पश्चिम राजस्थान के शहरों के तापमान में बढोतरी दर्ज की गई। श्रीगंगानगर का पारा 40 डिग्री के पास पहुंच गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी इलाकों के अधिकांश भागों में आगामी 2 से 3 दिन बारिश की गतिविधियों में कमी की संभावना है। हालांकि भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में आज से कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान है।

0000

मुख्य सचिव सुधांश पंत कल भरतपुर जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने केवलादेव नेशनल पार्क, लोहागढ किला और सीएफसीडी के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। श्री पंत ने आरबीएम अस्पताल पहुंच कर विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था और रोगियों को दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। मुख्य सचिव ने सुबह केवलादेव नेशनल पार्क का भ्रमण के दौरान अधिकारियों से चर्चा कर पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करने तथा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

0000